Activities by Legal literacy Cell, GCG Palwal, KKR
Session 2023-24
In charge Dr. Seema Pandey

1. Essay writing competition was organised on 25 September, 2023. Total 13 students participated in the competition. Palak from B. Sc I Year Got first position, Tanu from B. Sc I Year got second position and Diksha from BCA II Year got third position.

निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पलक ने पाया प्रथम स्थान

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : राजकीय कन्या महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की पलक पहले स्थान पर रही है। इसी प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की तनु दूसरे और बीसीए प्रथम वर्ष की दीक्षा तीसरे स्थान पर रही है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डा. गगनदीप कौर ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास बढ़ता है। छात्राओं को हमेशा ऐसी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार रहना चाहिए। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की प्रभारी डा. सीमा पांडे ने कहा कि निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय युवा लोकतंत्र, घरेलू हिंसा और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार रहे। प्रतियोगिता में कुल 13 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी विभाग से डा. सीमा दीक्षित व वाणिज्य विभाग से मनीषा और अमिता शामिल रही। विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. चंचल ने कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की प्रभारी और विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में डा. मीनाक्षी, कोमल व प्रीति शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राजकीय कन्या महाविद्यालय मे अपने प्रमाण पत्र दिखाती विजेता छात्राएं। • सौजन्य : मीनाक्षी

2. Legal literacy cell organised various competitions including essay writing competition, declamation competition and Rangoli competition on the theme “Matdata Panjikaran Kyon aur Kaise Karen” on 21/11/2023. In the declamation competition Himani from B.A. II year got first position, Ranjana from B. Sc I year got second position and Kuljeet from M. Com II year got third position; In the essay writing competition Tamanna from B. A. I year got I position, Kuljeet from M. Com 2nd year got 2nd position and Mehak from B.A. 1st year got 3rd position; In the Rangoli competition Mohak from B com 2nd year got first position, Sona from B. A. first year got 2nd position and Sanjana from B. Com 3rd second year got third position.

भाषण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की हिमानी रही प्रथम

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की हिमानी प्रथम रही है। इसी प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की रंजना द्वितीय और बीए एमकाम द्वितीय वर्ष की कुलजीत तीसरे स्थान पर रही है। निबंध लेखन में बीए प्रथम वर्ष से तमन्ना पहले, एमकाम द्वितीय वर्ष की कुलजीत कौर दूसरे और बीए प्रथम वर्ष की महक तीसरे स्थान पर रही है। रंगोली प्रतियोगिता में बीकाम द्वितीय वर्ष से मोहक प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से सोना द्वितीय और बीकाम द्वितीय वर्ष से संजना देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय के

राजकीय कन्या महाविद्यालय मे आयोजित प्रतियोगिताओ मे विजेताओ को पुरस्कृत करते प्राचार्या डा. गगनदीप कौर। • सौजन्य : डा. मीनाक्षी

मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ और कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित की गई। महाविद्यालय प्राचार्या डा. गगनदीप कौर के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्राओं के लिए लाभकारी होती हैं। इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से छात्राओं के स्वाभिमान में बढ़ोतरी होती है। मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ प्रभारी विनय पाठक और कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी डा. सीमा पांडे ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका नरेश कुमार, अमिता व मोनिका ने निभाई। इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में पूजा भोरिया, नरेश कुमार व अमिता शामिल रही। निबंध लेखन में डा. नविता, डा. सीमा देवी और मोनिका निर्णायक मंडल में शामिल रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. मीनाक्षी, मनीषा, प्रीति शर्मा व प्रीति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।